**बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं के लिए विश्व बैंक से प्राप्त सहायता**

2182. **श्री राम जेठमलानी :**
**श्री राम नरेश यादव :**

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्व बैंक ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं के लिए आर्थिक सहायता देने की पेशकश की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या गंगा की बाढ़ से हर वर्ष हजारों गांवों को पहुंचने वाली क्षति को रोकने के उद्देश्य से सरकार ने गंगा के अतिरिक्त जल को सूखा प्रभावित क्षेत्रों में भेजे जाने और जल को दक्षिण में कावेरी नदी में छोड़े जाने की प्रस्तावित योजना के कार्यान्वयन के संबंध में विश्व बैंक से विचार विमर्श किया है ;

(ग) यदि भाग (ख) का उत्तर "ना" हो तो, उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या सरकार निकट भविष्य में इस संबंध में उनके साथ बातचीत करने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

**जल संसधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही)** : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) जांच करने पर प्रस्ताव को वित्तीय रूप से निषेधक तथा अव्यावहारिक पाया गया । इसलिए इस संबंध में विचार-विमर्श करना लाभप्रद नहीं होगा ।

**नेत्रहीन व्यक्तियों को प्रदान किए गए नेत्र**

2183. **श्री राम जेठमलानी :**
**श्री राम नरेश यादव :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री राज्य सभा में 15 नवम्बर, 1988 को अतारांकित प्रश्न संख्या 378 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि हर वर्ष कितने नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्र प्रदान किए जाते हैं ; इस संबंध में विगत तीन वर्षों के दौरान के क्या आंकड़े हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे)** : उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार सूचना इस प्रकार है :–

| वर्ष | एकत्र किए गए नेत्रों की संख्या | उपयोग किए गए नेत्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1984 | 2328 | 2082 |
| 1985 | 2812 | 2280 |
| 1986 | 4994 | 3500 |
| 1987 | 2149 | 73 (अनन्तिम) |

**Short-Films on Family Planning Shown on Doordarshan**

2184 SHRI JOHN F. FERNANDES: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the Health Ministry's short film on Doordarshan campaigning for raising the marriageable age, immunisation of children and family planning methods have brought forth an appreciable response from the public in the country;

(b) if so, whether it is also a fact that a large number of letters making enquiries and seeking guidance have been reported from the public after these were shown on doordarshan; and

(c) whether in view of this successful cumpaigning Government propose to enlarge the advertising through Doordarshan on family planning, if so, to what extent?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE): (a) Yes, Sir. Voluntary feedback received in the form of viewers letters and findings